(ii) **नवीं और दसवीं कक्षा के लिये :—**

(क) राजनैतिक विज्ञान या इतिहास अथवा राजनैतिक शास्त्र में विश्वविद्यालय की डिग्री (डिग्री परीक्षा में कम से कम ४५ प्रतिशत अंकों के साथ)

(ख) शिक्षा में विश्वविद्यालय की डिग्री या डिप्लोमा ।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा खरीदी गई पुस्तकें

८४. **श्री गोकर्ण प्रसाद** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) शिक्षा मंत्रालय द्वारा पिछले तीन वर्षों में हिन्दी और अन्य भाषाओं की कितनी पुस्तकें खरीदी गई ;

(ख) इस पर इस अवधि में कितना व्यय हुआ है ; और

(ग) इन पुस्तकों का मंत्रालय द्वारा क्या उपयोग किया जाता है ?

शिक्षा मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली) : (क) ४,१६,६५७

(ख) ८,३०,४४४.६७ रुपये ।

(ग) केन्द्रीय सचिवालय पुस्तकालय के अतिरिक्त, शैक्षणिक संस्थाओं, विश्वविद्यालय और स्कूल पुस्तकालयों, सामुदायिक विकास खण्डों, बाल केन्द्रों और, यूनेस्को जैसी अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों को देने के लिए भी पुस्तकें खरीदी गईं ।

राष्ट्रीय खेल-कूद संस्था, पटियाला

८५. **श्री कछवाय** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पटियाला-स्थित राष्ट्रीय खेल-कूद संस्था में खेल-कूद के किन विषयों की शिक्षा का प्रबन्ध है ;

(ख) क्या संस्था में कोई नया पाठ्यक्रम चालू करने का विचार किया जा रहा है ;

(ग) यदि हां, तो वह कब से आरम्भ होगा ; और

(घ) उस पर कितने रुपये खर्च होने का अनुमान है ?

शिक्षा मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली): (क) व्यायाम, हाकी, कुश्ती, जिमनास्टिक, क्रिकेट, बालीबाल, टैनिस, फुटबाल, बैडमिटन और तैरना ।

(ख) वर्तमान छः मासिक पाठ्यक्रम के स्थान पर कुछ खेलों के लिए एक वर्षीय और कुछ के लिए त्रिवर्षीय नियमित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू करने का विचार है ।

(ग) जुलाई १९६३ से

(घ) संस्थान पर अनुमानित खर्च १० लाख रुपये है, जिसमें १९६३-६४ वर्ष के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी शामिल है ।

Education of Girls

86 **Shrimati Renu Chakravartty:** Will the Minister of **Education** be pleased to state:

(a) whether the gap between girls' and boys' education has been narrowed down in the first two years of Third Five Year Plan;

(b) what is the comparative figure for both primary and secondary (including higher secondary separately);

(c) how many States have taken up the special incentive programmes transferred to State sector; and

(d) what are the schemes, in which States and the progress recorded in first two years of Third Five Year Plan?

The Minister of Education (Dr. K. L. Shrimali): (a) to (d). A statement is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No LT-809/63].